समापन भाषण

माननीय सदस्यगण, दिनांक 19 दिसम्बर, 2022 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 23 दिसम्बर, 2022 को कुल पाँच कार्य दिवसों का पंचम् झारखण्ड विधान सभा का दशम् (शीतकालीन) सत्र समाप्त हो रहा है। यद्यपि यह सत्र समयावधि के हिसाब से एक छोटा सत्र था। परन्तु विधायी कार्यों की उपयोगिता के लिहाज से यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण था। कुल पाँच कार्य दिवसों में निर्धारित 15 घंटों में 17 घंटों तक सदन की कार्यवाही चली जो कि निर्धारित अवधि का 100 प्रतिशत से भी अधिक है। इस सत्र में विनियोग विधेयक को छोड़ कर कुल 9 विधेयक सरकार के द्वारा लाये गये, जिसमें से 8 विधेयकों को सभा द्वारा पारित कर माननीय राज्यपाल महोदय की सहमति के लिए भेजा जा रहा है।

इस सत्र में माननीय सदस्यों का कुल 326 प्रश्न प्राप्त हुआ जिसमें से 230 प्रश्न स्वीकृत किया गया। इनमें से 174 प्रश्न अल्पसूचित हैं एवं 56 प्रश्न तारांकित हैं। इन 230 प्रश्नों में से 192 प्रश्नों का उत्तर ऑन-लाईन प्रश्नोत्तर प्रणाली से प्राप्त हुआ। इस प्रकार ऑन-लाईन प्रश्नोत्तर प्रणाली के माध्यम से उत्तर प्राप्ति का प्रतिशत 83.48 प्रतिशत रहा। यह उल्लेख किया जाना आवश्यक है कि यह प्रतिशत पिछले मानसून सत्र के दौरान 86.44 प्रतिशत था।

अतः विभागों को ऑन-लाईन प्रश्नोत्तर प्रणाली के प्रति ज्यादा सजग रहने की आवश्यकता है ताकि इस अच्छे कार्य-प्रणाली को हम और अधिक आगे ले जा सकें। इस सत्र के दौरान 20 स्वीकृत ध्यानाकर्षण की सूचनाओं में 07 ध्यानाकर्षण सूचना उत्तरित हुए तथा 13 लम्बित ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द किया जाता है। 27 निवेदन स्वीकृत हुए। कुल 117 शून्यकाल की सूचनाएँ प्राप्त हुए जिनमें से 100 शून्यकाल की सूचनाएँ स्वीकृत किये गये।